उल्लंघन

'खुशबू में छिपा जहर'

बालाघाट में नकली सुगंधित चावल का बड़ा खेल

नवभारत, बालाघाट। जिले में नकली सुगंधित चावल के उत्पादन का बड़ा नेटवर्क सक्रिय होने के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि कुछ राइस मिलर्स द्वारा घातक रसायनों की मदद से कृत्रिम सुगंध तैयार कर चावल को 'सुगंधित' बनाकर देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि खाड़ी देशों तक सप्लाई किया जा रहा है। इस पूरे कारोबार में राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक तंत्र की कथित मिलीभगत की भी चर्चा है।

जानकारी के अनुसार, नकली सुगंध तैयार करने के लिए प्रोपिलीन ग्लाइकोल जैसे रसायन का उपयोग किया जा रहा है। यही रसायन उस समय चर्चा में आया था जब छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सिरप के सेवन से 30 से अधिक बच्चों की मौत हो गई थी।

मृत बच्चों की बिसरा रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई थी कि कफ सिरप में डाई-एथीलीन ग्लाइकोल (ष्ठश्वत्र) और अमानक प्रोपिलीन ग्लाइकोल जैसे जहरीले तत्व पाए गए थे। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह रसायन अधिक मात्रा में शरीर में पहुंचने पर किडनी फेलियर और मौत तक का कारण बन सकता है।

इस मामले में परासिया के एसडीओपी जितेन्द्र जाट ने कहा था कि बच्चों की बिसरा रिपोर्ट में जहरीले तत्वों की पुष्टि एक महत्वपूर्ण साक्ष्य है। चिकित्सकीय समिति की विस्तृत रिपोर्ट का अध्ययन कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बालाघाट में सुगंधित चावल का संदिग्ध कारोबार

इसी प्रकार बालाघाट जिले में भी आरोप है कि कुछ राइस मिलर्स दिल्ली की एक कंपनी के नाम से मिलने वाले 'बासमती राइस स्पेशल' जैसे रसायनों का इस्तेमाल कर चावल में कृत्रिम सुगंध मिलाकर बड़े पैमाने पर नकली सुगंधित चावल तैयार कर रहे हैं।

बताया जाता है कि इस रसायन को फर्जी नामों से कुरियर के जरिए मंगाया जाता है और फिर विभिन्न ब्रांड नामों से चावल तैयार कर बाजार में बेचा जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में 'कालीमूंछ' सहित कई सुगंधित किस्मों के नाम से चावल बाजार में बड़ी मात्रा में बिक रहा है, जबकि कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जिले में सुगंधित धान की खेती सीमित क्षेत्र में ही होती है।

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में भी यह सामने आया है कि जिले में सुगंधित धान का उत्पादन इतना नहीं है जितना बाजार में सुगंधित चावल उपलब्ध बताया जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि इस तरह का कारोबार वर्षों से चल रहा है तो आखिर जिम्मेदार विभाग अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए।

क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर नकली सुगंधित चावल के इस कारोबार पर जल्द शिकंजा कसा जाएगा—यह देखने वाली बात होगी।

खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन?

खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार किसी भी प्राकृतिक उत्पाद के मूल स्वाद और सुगंध को कृत्रिम रसायनों से बदलना प्रतिबंधित माना जाता है। चावल भी प्राकृतिक उत्पाद की श्रेणी में आता है, ऐसे में इसमें कृत्रिम सुगंध मिलाना गंभीर सवाल खड़े करता है।

ग्राम पंचायत कनकी ने पुलिस अभ्यर्थियों के लिए खोले अपने द्वार, मिल रही नि:शुल्क सुविधाएं

सेवा भाव की अनूठी मिसाल

नवभारत, लालबर्रा। जहाँ एक ओर सरकारी भर्तियों की आपाधापी में अभ्यर्थियों को ठहरने और बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है, वहीं बालाघाट जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत कनकी ने संवेदनशीलता और सेवा की एक नई इबारत लिखी है। ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार के नेतृत्व में पंचायत प्रशासन ने एमपी पुलिस कांस्टेबल, जीडी और एसएफ पदों की भर्ती परीक्षा के लिए आए अभ्यर्थियों के लिए पंचायत भवन में रहने, सोने और पीने का पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं का नि:शुल्क प्रबंध किया है। इस पहल की चर्चा अब पूरे मध्य प्रदेश में हो रही है।

मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) का आयोजन बालाघाट स्थित 36वीं बटालियन ग्राउंड, कनकी में किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 23 फरवरी से शुरू हुई है और 14 मार्च तक अनवरत जारी रहेगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 7500 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। फिजिकल टेस्ट में 800 मीटर की दौड़, 28.5 फीट गोला फेंक और 18.5 मीटर लंबी कूद जैसी कड़ी चुनौतियां शामिल हैं।

इन कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए अभ्यर्थियों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अनिवार्य है। ऐसे में सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार ने महसूस किया कि दूर-दराज के जिलों से आने वाले युवाओं को होटल या धर्मशालाओं के खर्च और अव्यवस्थाओं के कारण परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पंचायत भवन को अभ्यर्थियों के लिए 'अस्थायी आश्रय स्थल' में तब्दील कर दिया।

पंचायत भवन में ठहरने वाले अभ्यर्थियों के लिए उत्तम दर्जे की व्यवस्थाएं की गई हैं। यहाँ सोने के लिए बिस्तर, स्वच्छ पेयजल, नहाने के लिए उचित प्रबंध और बिजली-पंखों की समुचित व्यवस्था है। इतना ही नहीं, सुरक्षा के लिहाज से परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी रखी गई है।

सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार का कहना है कि, 'हमारी पंचायत का सौभाग्य है कि 36वीं बटालियन का ग्राउंड हमारे क्षेत्र में आता है। पिछले वर्ष भी हमने इसी तरह की व्यवस्था की थी। प्रदेश के अलग-अलग कोनों से आने वाले बच्चे हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह हमारा नैतिक दायित्व है। हम उन्हें नि:शुल्क आवास और बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं ताकि वे अपना पूरा ध्यान अपनी परीक्षा पर केंद्रित कर सकें।'

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे छतरपुर, टीकमगढ़, हरदा, ग्वालियर, मुरैना, इंदौर, दतिया और सागर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुँच रहे हैं। पंचायत के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन लगभग 50 से 60 अभ्यर्थी यहाँ रुक रहे हैं।

सागर जिले से आए एक अभ्यर्थी के दादा, राजेंद्र सिंह राजपूत ने भावुक होते हुए बताया, 'हम अपने नाती का इंटरव्यू और फिजिकल दिलाने आए हैं। यहाँ आकर जो व्यवस्था देखी, वह वाकई काबिले-तारीफ है। सरपंच जी ने जो नि:शुल्क सेवा शुरू की है, उसके लिए हम उन्हें लख-लख बधाई देते हैं। आज के समय में ऐसी निस्वार्थ सेवा कम ही देखने को मिलती है।' इसी प्रकार उमरिया जिले के अभ्यर्थी सानू सिंह रघुवंशी ने भी पंचायत द्वारा दी जा रही सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत बताया।

ग्राम पंचायत कनकी के युवा सरपंच दुर्गा प्रसाद पगरवार की यह पहल केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि 'अतिथि देवो भव' की भारतीय संस्कृति का जीवंत उदाहरण है।

13 मार्च को आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण

बालाघाट। 13 मार्च को जिले के सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण पुराने कलेक्टर कार्यालय बालाघाट स्थित ई-दक्ष केंद्र में प्रात: 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया गया है। जिला पेंशन अधिकारी श्री अमित कुमार मेरावी ने बताया कि आगामी समय में राज्य शासन के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों की पेंशन प्रकरणों का निराकरण राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाएगा। इसी संबंध में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 13 मार्च को आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को अपने सहयोगी कर्मचारी के साथ उपस्थित होने के कहा गया है। जिले में विभिन्न विभागों के कुल 118 आहरण संवितरण अधिकारी है। 13 मार्च को प्रात: 11 से दोपहर 12:30 तक 29, दोपहर 01 से 02 बजे तक 30, अपरा?ह 03 बजे से 04 बजे तक 29 एवं सायं 04 से 05 बजे तक 30 आहरण संवितरण अधिकारियों की बैच को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पॉलीटेक्निक कॉलेज में आपदा प्रबंधन जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, बालाघाट। कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में निरंतर आपदा प्रबंधन पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में 10 मार्च को पॉलीटेक्निक कॉलेज में आपदा प्रबंधन जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य आर.एम. सोनवे, विभागाध्यक्ष आलोक चौहान, कार्यक्रम प्रभारी एम.के. भलावे, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जिला कमांडेंट होमगार्ड एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्लाटून कमांडर होमगार्ड श्री श्याम सिंह धुर्वे एवं एसडीईआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव की जानकारी दी। टीम द्वारा अग्निकांड, भूकंप, लू, ताप, वज्रपात, सर्पदंश और बाढ़ जैसी आपदाओं में सावधानियां और बचाव के उपाय विस्तार से बताए गए। साथ ही मध्यप्रदेश सरकार के मौसम पूर्वानुमान से संबंधित महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप 'दामिनी' और 'सचेत' के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे लोग समय रहते मौसम संबंधी चेतावनियां प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में एसडीईआरएफ टीम के सदस्य विशेष कुतराहे, राजेश घुर्वे, आशीष खरोले, विशाल रजक, मुलेन्द्र आड़े तथा सिविल डिफेंस के विशाल राहंगडाले भी उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपात स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी देना था।

14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

नवभारत, बालाघाट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय बालाघाट में 09 खंडपीठ का गठन किया गया है। इसी तरह सिविल न्यायालय बैहर के लिए 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी के लिए 01 खंडपीठ , सिविल न्यायालय लांजी के लिए 01 खंडपीठ तथा सिविल न्यायालय वारासिवनी के लिए 06 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण जिले में कुल 20 खण्डपीठों का गठन किया गया।

न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामलें, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर/विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामलें रखे गये है। नेशनल लोक अदालत का वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि आमजन को लोक अदालत के लाभ के बारे में अवगत कराया जा सके।

वारासिवनी अनुभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का प्रभार पहलसिंह वलाडी को

बालाघाट। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर द्वारा अनुभाग वारासिवनी का संपूर्ण प्रभार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री पहलसिंह वलाडी को सौंपा गया है। पूर्व में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुरेश धोटे विकासखंड परसवाड़ा का स्थानांतरण विकासखंड वारासिवनी किया गया था, लेकिन उनके द्वारा अब तक वारासिवनी में पदभार ग्रहण नहीं किया गया है। इस कारण से वारासिवनी अनुभाग के कार्यों के सुचारु संचालन के लिए आगामी आदेश तक विकासखंड बालाघाट के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री पहलसिंह वलाडी को वारासिवनी अनुभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री ठाकुर द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जैसे ही श्री सुरेश धोटे वारासिवनी में पदभार ग्रहण करेंगे, पूर्व में जारी स्थानांतरण आदेश यथावत प्रभावी रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है।

मानवता की सेवा में 208 कोबरा बटालियन का बड़ा कदम, महा रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत, बालाघाट। 19 मार्च को 87 वे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस के गौरवशाली अवसर पर 208 कोबरा बटालियन द्वारा समाज सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। कमाण्डेंट शशी भूषण सिंह बिष्ट के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 10 मार्च 2026 को किरनापुर स्थित स्वर्गीय दिलीप भटेरे शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में एक विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस मानवीय प्रयास में जिला चिकित्सालय बालाघाट की रक्त संग्रह टीम और सहयोग अस्पताल गोंदिया के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ?इस आयोजन की भव्यता तब और बढ़ गई जब वर्दीधारी जवानों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर हिस्सा लिया। शिविर में 208 कोबरा बटालियन के उप कमाण्डेंट नरशी मीणा, अरविंद कुमार रघुवंशी, डॉ0 स्नेहा हजारे और डॉ0 निशा यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और बहादुर जवान उपस्थित रहे। सुरक्षा बलों की इस पहल को स्थानीय ग्रामीणों का भी भरपूर समर्थन मिला, जिससे यह आयोजन केवल एक चिकित्सा शिविर न रहकर जन-सेवा का एक उत्सव बन गया।

रक्तदान के क्षेत्र में इस शिविर ने शानदार सफलता दर्ज की। 208 कोबरा बटालियन एंव 07 बटालियन के कुल 94 जांबाज जवानों और 03 परिवारजनों के साथ-साथ बड़गांव, आमगांव, पाला एवं किरनापुर जैसे निकटवर्ती गांवों के 29 जागरूक नागरिको ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया। कुल 126 लोगों द्वारा किया गया यह रक्तदान आपातकालीन स्थितियों में कई जिंदगियों को बचाने में सहायक सिद्ध होगा।

पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किश्त का वितरण 13 मार्च को

बालाघाट। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 13 मार्च को देश के किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 22 वी किश्त का वितरण करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी असम राज?य के गुवाहाटी में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर देश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्?मान निधि की 22वी किश्त का अंतरण करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाहॉल में दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम का तहसील एवं विकासखंड स?तर पर भी सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा और इसमें किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पीएम किसान सम्?मान निधि के अंतर्गत केंद्र शासन द्वारा किसानों को वर्ष में 06 हजार रुपए की राशि 03 समान किश्तों में प्रदान की जाती है।

कन्यादान 200 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह का भव्य आयोजन

सांई मंदिर से निकली 200 दूल्हों की धूमधाम से बारात, झूमे बाराती

नवभारत, कटंगी। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत कटंगी द्वारा 9 मार्च को तिरोड़ी के दुर्गा मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटंगी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए 200 जोड़े विधि-विधान के साथ परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया।

समाज के लिए महत्वपूर्ण योजना है मुख्यमंत्री कन्यादान योजना : गौरव पारधी

समारोह के मुख्य अतिथि कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समाज के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से वर्षों से अनेक परिवारों को सहयोग और सामाजिक सम्मान मिला है। उन्होंने बताया कि पहले इस योजना के तहत सामग्री दी जाती थी, जबकि अब सरकार द्वारा कन्या के खाते में सीधे 51 हजार रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप प्रदान की जाती है, जिससे नवदंपति अपने नए जीवन की शुरुआत बेहतर ढंग से कर सकें। विधायक ने कहा कि फिलहाल प्रत्येक विधानसभा में 200 जोड़ों का प्रावधान रखा गया है, जिन पात्र परिवारों के जोड़े इस बार शामिल नहीं हो सके हैं, उनके लिए शीघ्र ही एक और सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।

जनप्रतिनिधियों ने दी नवदंपतियों को शुभकामनाएं

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार और जिला पंचायत सदस्य व महिला बाल विकास सभापति केसर बिसेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना के माध्यम से अनेक परिवारों को सहयोग मिल रहा है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं।

कार्यक्रम में विधायक गौरव पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार, जनपद अध्यक्ष कटंगी श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य व महिला बाल विकास सभापति श्रीमती केसर बिसेन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रविकांता बोरकर, प्रियंका परते, जनपद उपाध्यक्ष भानु सिंह पटले, तिरोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, कटंगी पश्चिम मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, कटंगी पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकरे, महकेपार भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, तिरोड़ी महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, ग्राम पंचायत तिरोड़ी की सरपंच सौफिया खान सहित जनपद क्षेत्र के अनेक सरपंच एवं जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई तथा उपस्थित अतिथियों का प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया।

इस विशाल विवाह समारोह को सफल बनाने में प्रशासन की भी अहम भूमिका रही। कटंगी एसडीएम कैलाश चंद्र ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटंगी गायत्री कुमार सारथी, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक, राजस्व विभाग तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से पूरा आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित सभी लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 जोड़ों का एक साथ विवाह संपन्न होने से पूरा क्षेत्र उत्सव के माहौल में नजर आया और सभी ने नवदंपतियों को सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

सांई मंदिर से निकली 200 दूल्हों की भव्य बारात

कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर लगभग 1 बजे तिरोड़ी स्थित सांई मंदिर से 200 दूल्हों की भव्य बारात दुर्गा मैदान के लिए रवाना हुई। एक साथ इतनी बड़ी बारात देखने के लिए नगरवासियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। बैंड-बाजों और ढोल की धुन पर बाराती झूमते-नाचते नजर आए। दूल्हों के परिवारजन, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी बारात में शामिल हुए। लगभग एक घंटे तक नगर भ्रमण के बाद बारात दुर्गा मैदान पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह समारोह संपन्न कराया गया।

महिला को पीट-पीटकर किया अधमरा

न्यायालय में समझौते के बाद भी नहीं सुधरा ससुराल पक्ष , मामला दर्ज

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत बसंत नगर में रहने वाला ससुराल पक्ष न्यायालय में समझौते के बाद भी नहीं सुधरा। महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, बल्कि खाना बनाने जैसी मामूली बात पर उसे बेरहमी से पीटा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति और सास-ससुर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बसंत नगर निवासी 24 वर्षीय श्वेता साहू का विवाह वर्ष 2020 में शोभित साहू के साथ हुआ था। शादी के कुछ ही समय बाद से ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोर्ट तक जा पहुंचा। श्वेता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हुआ था। पति और ससुराल वालों के आश्वासन पर वह दोबारा अपने ससुराल रहने आई थी। लेकिन कुछ दिनों बाद ही पति शोभित उर्फ आशीष साहू, ससुर फलादी साहू और सास मुन्नी साहू ने उसे फिर से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बीती रात करीब 10 बजे घर में खाना बनाने की बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते सास और ससुर गाली-गलौज पर उतर आए। इसी दौरान पति शोभित ने आव देखा न ताव और श्वेता पर घूंसों की बरसात कर दी। हमले में श्वेता की आंख, सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।